भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 56 | बिजौलिया - गुरुवार,08 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

‘सबके इंचार्ज आप ही हो...’ गहलोत-पायलट की जुगलबंदी ने बदली कांग्रेस की तस्वीर

सब हंसे, गहलोत बोले- ‘हम तो परमानेंट इंचार्ज हैं’; बैठक के बाद बोले- आज देख ली कांग्रेस की एकता





भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

कांग्रेस के भीतर लंबे समय से अलग-अलग सियासी समीकरणों और नेताओं के बीच खींचतान की चर्चाओं के बीच बुधवार को जयपुर स्थित कांग्रेस वॉर रूम से निकला एक दृश्य खासा चर्चा में आ गया। बैठक शुरू होने से पहले अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच हुई सहज बातचीत और ठहाकों ने माहौल को बदल दिया। बात पंजाब और राजस्थान के प्रभारी की जिम्मेदारियों से शुरू हुई और कुछ ही पलों में गहलोत-पायलट की पुरानी राजनीतिक कहानी के बीच एक नया सार्वजनिक संवाद सामने आ गया।

दरअसल, पायलट के हाल ही में पंजाब कांग्रेस का प्रभारी बनाए जाने के संदर्भ में गहलोत ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और पायलट की ओर इशारा करते हुए मजाकिया अंदाज में कहा कि पहले रंधावा पायलट के इंचार्ज थे, अब पायलट उनके इंचार्ज हैं। गहलोत की इस बात पर पायलट ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि ‘सबके इंचार्ज आप ही हो। राजस्थान, पंजाब... क्या फर्क पड़ता है? ‘

बात यहीं नहीं रुकी। पायलट के जवाब पर गहलोत ने भी हंसते हुए कहा- ‘हम तो परमानेंट इंचार्ज हैं।’ दोनों नेताओं के इस संवाद पर वहां मौजूद कांग्रेस नेताओं ने जमकर ठहाके लगाए। प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत अन्य नेता भी इस हल्के-फुल्के माहौल का हिस्सा बने।

ठहाकों के बीच निकला एकता का संदेश

वॉर रूम में हुई इस बातचीत को केवल हंसी-मजाक तक सीमित नहीं रखा गया। बैठक खत्म होने के बाद गहलोत ने मीडिया के सामने कांग्रेस में एकता को लेकर उठते रहे सवालों का जवाब इसी अंदाज में दिया। उन्होंने कहा कि लोग लगातार पूछते हैं कि कांग्रेस में एकता नहीं है, लेकिन आज सभी को एक साथ देखा जा सकता है। गहलोत ने कहा कि ‘आज आपने देख ली, सब एकता है। सब एकजुट हैं।’ इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि अगली बार कांग्रेस की सरकार बनेगी और फिर एकता को लेकर सवाल नहीं पूछे जाएंगे।

डिनर से वॉर रूम तक साथ आने की तस्वीर

गहलोत-पायलट की बुधवार की बातचीत से पहले सोमवार को भी कांग्रेस नेताओं की एकजुट मौजूदगी सामने आई थी। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में गहलोत की ओर से आयोजित डिनर में प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, बीडी कल्ला, पूर्व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, वरिष्ठ नेता मोहन प्रकाश सहित कई पूर्व मंत्री और नेता शामिल हुए थे। डिनर के दौरान गहलोत ने नेताओं से गर्मजोशी से मुलाकात की और अनौपचारिक बातचीत भी हुई।

यानी कुछ ही दिनों के अंतराल में कांग्रेस के प्रमुख नेताओं की एक साथ मौजूदगी की दो तस्वीरें सामने आई हैं। पहली तस्वीर डिनर की रही तो दूसरी वॉर रूम की, जहां पुराने राजनीतिक मतभेदों के लिए चर्चित रहे गहलोत और पायलट एक-दूसरे से सहज अंदाज में बातचीत करते नजर आए।

स्थानीय निकाय चुनाव पर गहलोत की टिप्पणी के बाद बदला माहौल

खास बात यह है कि यह माहौल उस समय बना है जब गहलोत हाल ही में स्थानीय निकाय चुनाव में कांग्रेस संगठन की रणनीति को लेकर सवाल उठा चुके हैं। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस को रोड शो का जवाब रोड शो से देना चाहिए था और निर्दलीयों को ज्यादा वोट मिलना चिंताजनक है। उनके इस बयान को पार्टी की चुनावी रणनीति पर सवाल के तौर पर देखा गया था। इसके अलावा मानेसर प्रकरण को लेकर अतीत में गहलोत और पायलट के बीच सार्वजनिक बयानबाजी भी कांग्रेस की राजस्थान राजनीति का बड़ा मुद्दा रही है। बाद में दोनों नेताओं के बयानों में नरमी आई और पायलट ने भी गहलोत को लेकर नरम अंदाज में टिप्पणी की थी।

मुस्कान को कितना बड़ा सियासी संदेश माना जाए?

बुधवार की तस्वीर ने कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति को लेकर नई चर्चा जरूर छेड़ दी है। हालांकि, नेताओं के बीच सार्वजनिक मंच पर सहज बातचीत और हंसी-मजाक को सीधे तौर पर किसी स्थायी राजनीतिक समझौते का संकेत मानना जल्दबाजी होगी। कांग्रेस के भीतर गुटीय समीकरणों और नेतृत्व से जुड़े सवाल पहले भी समय-समय पर अलग-अलग रूप में सामने आते रहे हैं।

फिलहाल वॉर रूम से निकला संदेश इतना जरूर साफ है कि कांग्रेस के प्रमुख चेहरे इस समय सार्वजनिक तौर पर एक-दूसरे के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। पंचायत चुनाव से पहले पार्टी के लिए यह तस्वीर संगठनात्मक एकजुटता के संदेश के लिहाज से महत्वपूर्ण है। अब इस सार्वजनिक तालमेल का असर पार्टी के संगठन और चुनावी मैदान में कितना दिखाई देता है, यह आगे की राजनीति तय करेगी।

सरस डेयरी के सामने भागने लगा युवक, बैग खुला तो निकला 17.9 किलो डोडा-चूरा


एएनटीएफ की कार्रवाई में बीकानेर निवासी 21 वर्षीय युवक गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज; सप्लाई नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चल रही कार्रवाई के बीच एएनटीएफ टीम ने सरस डेयरी के सामने एक युवक को संदिग्ध हालात में पकड़ा। पुलिस टीम को देखते ही युवक ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन पीछा कर उसे पकड़ लिया गया। उसके पास मौजूद काले रंग के बैग की तलाशी में 17.900 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा बरामद हुआ।

एएनटीएफ को सूचना मिली थी कि सरस डेयरी के सामने एक युवक बैग लेकर खड़ा है और उसके पास मादक पदार्थ होने की आशंका है। सूचना के बाद टीम ने सदर थाना पुलिस से संपर्क किया और संयुक्त कार्रवाई की तैयारी की।

पुलिस टीम सरस डेयरी चौकी के सामने लोहे की केबिन के पास पहुंची तो वहां एक युवक खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा। टीम ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम कैलाश (21) पुत्र मुन्नीराम विश्नोई, निवासी बीकानेर बताया।



इसके बाद पुलिस ने युवक के पास मौजूद काले रंग के बैग की तलाशी ली। बैग से 17.900 किलो डोडा-चूरा मिलने पर पुलिस ने मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

सप्लाई की कड़ी तक पहुंचने की कोशिश

कार्रवाई के बाद अब जांच का फोकस इस बात पर है कि आरोपी इतनी मात्रा में डोडा-चूरा कहां से लेकर आया था और इसकी सप्लाई किसे की जानी थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े नेटवर्क और अन्य संभावित लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। मामले में आगे की जांच जारी है।

नाकाबंदी में स्विफ्ट कार से 44 किलो डोडा-पोस्त बरामद, तस्कर गिरफ्तार

तीन दिन में रायला पुलिस की तीसरी कार्रवाई; हाईवे पर कार रोककर तलाशी ली तो पीछे रखे दो कट्टों में मिला मादक पदार्थ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

अजमेर-भीलवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर रायला थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक स्विफ्ट कार से 44 किलो 270 ग्राम डोडा-पोस्त बरामद किया। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया है। तीन दिन के भीतर रायला पुलिस की ओर से मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ यह तीसरी कार्रवाई बताई जा रही है।

रायला थाना पुलिस की ओर से हाईवे पर नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक स्विफ्ट कार को रुकवाकर उसकी तलाशी ली। कार के पीछे रखे दो कट्टों में डोडा-पोस्त भरा मिला। पुलिस ने मादक पदार्थ को बाहर निकालकर वजन कराया, जिसमें कुल 44 किलो 270 ग्राम डोडा-पोस्त पाया गया।

पुलिस ने कार को जब्त करते हुए मामले में ईश्वर सिंह पुत्र माधु सिंह



राजपूत, निवासी अवाय, थाना नाचना, जिला जैसलमेर को गिरफ्तार किया है।

खरीद-फरोख्त और सप्लाई नेटवर्क की जांच

कार्रवाई के बाद पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में डोडा-पोस्त की खरीद-फरोख्त, इसे कहां से लाया गया और आगे किसे सप्लाई किया जाना था, सहित तस्करी से जुड़े नेटवर्क और संभावित सहयोगियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

रायला थाना प्रभारी घनश्याम मीणा ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। तीन दिन में तीसरी कार्रवाई होने से क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े लोगों में हलचल बढ़ गई है।

मासूमों की मौत के बाद आक्रोश, शव लेने से किया इनकार

पोस्टमार्टम से पहले मांगों को लेकर अड़े रहे परिजन , मांग को लेकर करीब 18 घंटे चला धरना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

मालीखेड़ा से घर से निकलने के बाद लापता हुए दिव्यांशु और रजत के शव मंगलवार शाम पालड़ी क्षेत्र में कोठारी नदी के किनारे मिले। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवारों में शोक के साथ आक्रोश भी फैल गया। बुधवार को परिजनों ने बच्चों के शव लेने और पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए धरना शुरू कर दिया। परिजन पूरे मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।





रजत



दिव्यांशु

परिजनों ने बच्चों की तलाश के दौरान पुलिस की कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए। उनका कहना था कि बच्चों के लापता होने के बाद पुलिस को सूचना देने के साथ लगातार तलाश की जा रही थी। परिवार ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने, जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने और पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग प्रशासन के सामने रखी।

धरने पर उठे तलाश को लेकर सवाल

धरने के दौरान परिजनों ने बच्चों की अंतिम लोकेशन और उनकी तलाश में की गई कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठाए। परिवार का कहना था कि पूरे घटनाक्रम की गंभीरता से जांच होनी चाहिए, ताकि बच्चों की मौत के पीछे की वास्तविक वजह सामने आ सके।

वहीं भीमगंज थाना प्रभारी सुनील चौधरी ने बताया कि बच्चों के लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस की अलग-अलग टीमें तलाश में लगाई गई थीं। पुलिस की ओर से बच्चों को खोजने के लिए लगातार प्रयास किए गए।

18 घंटे बाद समझाइश से बनी बात

धरना करीब 18 घंटे तक चला। पुलिस और प्रशासन की ओर से परिजनों से बातचीत कर उनकी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इसके बाद परिजनों ने धरना समाप्त किया और पोस्टमार्टम के लिए सहमति दी।

पोस्टमार्टम के बाद दोनों बच्चों के शव परिजनों को सौंप दिए गए। शवों को मोक्ष रथ से अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल रहा।

राधे कृष्णा हर्बल
मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल
30,माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ

विशाल रक्तदान शिविर आज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।।

सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन एवं समर्पण सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में भाजपा युवा नेता शरद सिंह चौहान के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर का आयोजन गुरुवार, 8 अक्टूबर को हरिसेवा धाम, रोडवेज बस स्टैंड के पास, सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा।

सेवा सेतु शिविर में वार्डवासियों को मिलीं विभागीय सेवाएं, मौके पर हुआ शिकायतों का निस्तारण



भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

राज्य सरकार के निर्देश पर बुधवार को शहर में आयोजित सेवा सेतु अभियान के शिविर में वार्ड 1 से 5 तक के लोगों को विभिन्न सरकारी विभागों की सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई गईं। शिविर के दौरान लोगों की ओर से दर्ज कराई गई कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जिससे उन्हें संबंधित कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े।

नगर पालिका सभागार में आयोजित शिविर में पालिका की ओर से 10 जन्म प्रमाण पत्र, एक मृत्यु प्रमाण पत्र और एक विवाह प्रमाण पत्र जारी किए गए। वहीं विद्युत व्यवस्था से संबंधित 21 रोड लाइटें दुरुस्त कराई गईं। सफाई को लेकर मिली तीन शिकायतों पर भी तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित स्थानों पर सफाई कराई गई।

जन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर के दौरान तीन लीकेज दुरुस्त करने के साथ दो हैंडपंपों की मरम्मत की। चिकित्सा विभाग की टीम ने 18 लोगों का उपचार किया। एक महिला की प्रसव पूर्व जांच तथा एक महिला का टीकाकरण किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से चार लाभार्थियों को पूरक पोषाहार वितरित किया गया, जबकि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 10 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया।

शिविर में पालिका अध्यक्ष रमेश कुमार सेन, उपाध्यक्ष मोहम्मद ईशाक, सहायक प्रशासनिक अधिकारी भारत वैष्णव, स्वास्थ्य निरीक्षक हेमंत पौंडरिक सहित पार्षद एवं संबंधित विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, भाषण व क्विज में उत्साह से लिया हिस्सा



भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर

सरकारी कॉलेज में विद्यार्थियों के ज्ञान, अभिव्यक्ति और नवाचार क्षमता को मंच देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) एवं महिला नीति के तहत 'फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' थीम पर भाषण और क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए विभिन्न विषयों पर अपनी समझ और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अरविंद कुमार मीणा ने जेंडर इक्विलिटी से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं और संबंधित कानूनों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. पुष्कर्राज मीणा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के बढ़ते प्रभाव और मानव जीवन पर इसके संभावित असर को लेकर विचार रखे।

भाषण प्रतियोगिता में नीलम कंवर ने प्रथम, लक्ष्मी कलाल ने द्वितीय और सविना सुवालका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं क्विज प्रतियोगिता में आकाश ग्रुप के अंकित शर्मा, गोपाल बंजारा और शैतान बंजारा की टीम प्रथम रही। जल ग्रुप के राहुल बलाई, राजकुमार बंजारा, बिट्टु प्रजापत और अंकित गुर्जर ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि अग्नि ग्रुप की पार्वती बलाई, कविता रेगर, निकिता चौहान और कोमल वेदनई की टीम तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मूलचंद खटीक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम प्रभारी प्रो. दिग्विजय सिंह ने किया। समापन पर डॉ. ऋचा अंगिरा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

मुस्लिम प्रीमियर लीग सीजन-2 की तैयारी शुरू, 15 अक्टूबर तक होंगे रजिस्ट्रेशन

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर

क्रिकेट प्रेमियों के लिए मुस्लिम प्रीमियर लीग सीजन-2 के आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पिछले वर्ष आयोजित पहले सीजन की सफलता के बाद इस बार भी पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। टूर्नामेंट में आठ टीमें हिस्सा लेंगी।

आयोजक अकरम मोहम्मद सिंधी उर्फ टाइगर ने बताया कि खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन 1 अक्टूबर से शुरू हो चुका है, जिसकी अंतिम तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता नवंबर के अंतिम सप्ताह में अमित बोलिया इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट ग्राउंड पर प्रस्तावित है। आयोजन की निश्चित तारीखों की घोषणा नवंबर में की जाएगी।

मुख्य संयोजक नूर मोहम्मद खान कायमखानी ने खिलाड़ियों और टीमों से निर्धारित समय सीमा में पंजीयन कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष सभी के सहयोग से लीग सफल रही थी, जिसके बाद दूसरे सीजन का आयोजन किया जा रहा है।

इस बार अंतरराष्ट्रीय अंपायर मोहम्मद रफी की अंपायरिंग भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में अभिनेता व नेता भी शामिल होंगे। सभी मुकाबलों का सीधा प्रसारण मेवाड़ जीएमपीएल-2 चैनल पर किया जाएगा।

प्रीमियर लीग के संरक्षक इकबाल मोहम्मद छीपा ने इच्छुक खिलाड़ियों से समय पर रजिस्ट्रेशन कराने तथा क्रिकेट प्रेमियों से आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

भीलवाड़ा की बेटियों ने रचा इतिहास, 6-2 से ब्यावर को हराकर बनीं राज्य विजेता

70वीं राज्य स्तरीय 14 वर्ष छात्रा हॉकी में शानदार प्रदर्शन, तारा गुर्जर की हैट्रिक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

केकड़ी में आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय 14 वर्ष छात्रा हॉकी प्रतियोगिता में भीलवाड़ा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। बुधवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भीलवाड़ा ने ब्यावर को 6-2 से हराकर राज्य विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

फाइनल में भीलवाड़ा की ओर से तारा गुर्जर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल दागकर हैट्रिक लगाई। उन्होंने पहला गोल कर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई और पूरे मुकाबले में अपना दबदबा बनाए रखा। वहीं रवीना जाट, अंतिमा कुमावत और कोमल तेली ने एक-एक गोल कर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। कोच सिद्धांत कुमार घुसर ने बताया कि टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाते हुए ब्यावर पर दबाव बनाए रखा। खिलाड़ियों के बेहतरीन तालमेल और रणनीति के दम पर भीलवाड़ा ने मुकाबला एकतरफा कर दिया। टीम की सफलता में दल प्रबंधक दिनेश नायक, प्रभारी विमला कुमारी मीणा तथा कोच



महावीर शर्मा, सिद्धांत कुमार घुसर और राहुल चावला का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जीत के बाद खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। इससे पहले मंगलवार को भीलवाड़ा की छात्र 17 व 19 वर्ष तथा छात्रा 17 व 19 वर्ष की चारों टीमें भी राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में उपविजेता रही थीं।

पंचायत चुनाव में फिर 'उम्मेद' पर भरोसा, आसींद के कोऑर्डिनेटर बने राठौड़

निकाय चुनाव के बाद अब पंचायतीराज चुनाव की कमान, संगठन और चुनावी मैनेजमेंट की जिम्मेदारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पंचायतीराज चुनाव 2026 को लेकर भाजपा ने आसींद में संगठनात्मक जिम्मेदारी एक बार फिर उम्मेद सिंह राठौड़ को सौंपी है। पार्टी ने उन्हें आसींद पंचायत समिति का पुनः समन्वयक नियुक्त किया है। इसके साथ ही क्षेत्र में भाजपा की चुनावी रणनीति, संगठनात्मक तालमेल और चुनावी प्रबंधन में राठौड़ की भूमिका अहम हो गई है।

राठौड़ को यह जिम्मेदारी उनके पिछले चुनावी अनुभव और संगठन के साथ बेहतर समन्वय को देखते हुए दी गई है। इससे पहले निकाय चुनाव के दौरान भी उनकी भूमिका चर्चा में रही थी। बहुमत की स्थिति स्पष्ट नहीं होने के बावजूद भाजपा समर्थित खेमे को चेयरमैन बनाने में उनके रणनीतिक प्रयासों को पार्टी नेताओं ने महत्वपूर्ण माना था।

हाल के नगरपालिका घटनाक्रम में निर्दलीय चेयरमैन देवी लाल साहू के नामांकन वापस लेने और चार निर्दलीय पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के बाद भी राठौड़ की भूमिका को



लेकर चर्चा हुई थी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भी उनके संगठनात्मक प्रयासों के लिए उन्हें सम्मानित किया था।

पार्टी से जुड़े लोगों के अनुसार, पूर्व निकाय चुनाव में राठौड़ के समन्वय और रणनीति से भाजपा को सफलता मिली थी। अब पंचायत चुनाव में दोबारा जिम्मेदारी मिलने से आसींद में भाजपा की आगामी चुनावी रणनीति को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। राठौड़ पूर्व में भाजपा के चुनाव विभाग में जिला संयोजक की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं।

डूंगरी चौराहे पर फिर चला मौत का पहिया, ट्रेलर ने ली बुजुर्ग की जान

शाहपुरा-भीलवाड़ा स्टेट हाईवे पर दर्दनाक हादसा; बाइक सवार 65 वर्षीय कैलाश गर्ग ने मौके पर तोड़ा दम, डेढ़ साल से स्पीड ब्रेकर की मांग फिर उठी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचंद पेसवानी। शाहपुरा-भीलवाड़ा स्टेट हाईवे का डूंगरी चौराहा एक बार फिर खून से लाल हो गया। बुधवार को तेज रफ्तार ट्रेलर ने मोटरसाइकिल सवार 65



वर्षीय कैलाश गर्ग को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कैलाश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही चौराहे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कुछ ही देर में घटनास्थल पर मातम का माहौल बन गया। हादसे ने एक बार फिर डूंगरी चौराहे की यातायात सुरक्षा व्यवस्था और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। तस्वारिया खुर्द निवासी कैलाश पुत्र मोहन गर्ग बुधवार को मोटरसाइकिल से शाहपुरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान डूंगरी चौराहे के समीप पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद कैलाश सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोटों के चलते मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

चंद मिनटों में जुट गई भीड़, पुलिस ने संभाला मोर्चा

हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए। दुर्घटना की भयावहता देखकर वहां मौजूद लोग सहम गए। सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल की स्थिति संभालते हुए यातायात को व्यवस्थित कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शाहपुरा जिला चिकित्सालय की मोर्चरी पहुंचाया। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रेलर के संबंध में जानकारी जुटाते हुए चालक की तलाश शुरू कर दी है।

रोज की तरह घर से निकले थे, लेकिन लौटकर नहीं आए

परिजनों के लिए बुधवार का दिन जिंदगी भर का दर्द छोड़ गया। बताया गया कि कैलाश गर्ग ग्रामीण क्षेत्र में मंत्र शक्ति के माध्यम से रोगियों का उपचार करने का काम करते थे। इसी सिलसिले में वे घर से निकले थे। परिवार को उम्मीद थी कि रोज की तरह काम पूरा कर कैलाश वापस घर लौटेंगे, लेकिन हादसे की खबर ने परिवार को झकझोर दिया। दुर्घटना की सूचना तस्वारिया खुर्द पहुंचते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। अस्पताल पहुंचने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

डेढ़ साल से मांग, फिर भी नहीं लगा स्पीड ब्रेकर

हादसे के बाद स्थानीय लोगों का आक्रोश भी सामने आया। उनका कहना है कि डूंगरी चौराहे पर वाहनों की रफ्तार नियंत्रित करने के लिए लंबे समय से स्पीड ब्रेकर और अन्य सुरक्षा उपायों की मांग की जा रही है। ढीकोला निवासी कांग्रेस नेता मनीष नायक ने बताया कि वे करीब डेढ़ वर्ष से चौराहे पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग उठा रहे हैं। इस संबंध में ग्रामीणों के साथ कई बार प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सड़क निर्माण एवं रखरखाव से जुड़े अधिकारियों को ज्ञापन दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। नायक का कहना है कि डूंगरी चौराहे पर पहले भी हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद वाहनों की रफ्तार नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने प्रशासन से तत्काल स्पीड ब्रेकर सहित जरूरी यातायात सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है।

हादसा रोकने के इंतजाम कब?

डूंगरी चौराहे पर हुए हादसे के बाद सबसे बड़ा सवाल यही है कि दुर्घटना के बाद कार्रवाई के बजाय दुर्घटना संभावित स्थानों पर पहले से सुरक्षा व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार हाईवे पर लगातार तेज गति से वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में चौराहे पर स्पीड कंट्रोल, पर्याप्त संकेतक, रोशनी और अन्य यातायात सुरक्षा इंतजाम बेहद जरूरी हैं।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मौके का निरीक्षण कर चौराहे को दुर्घटना संभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित करने और स्थायी सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

आंदोलन की चेतावनी

मनीष नायक ने कहा कि यदि डूंगरी चौराहे पर जल्द स्पीड ब्रेकर और प्रभावी सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए तो ग्रामीणों के साथ आंदोलन किया जाएगा। उनका कहना है कि लगातार हादसों के बावजूद यदि व्यवस्था नहीं सुधरी तो भविष्य में होने वाली किसी भी दुर्घटना की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

ट्रेलर चालक की तलाश, जांच जारी

थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस दुर्घटना में शामिल ट्रेलर और उसके चालक के बारे में जानकारी जुटा रही है। दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, वाहन की गति कितनी थी और हादसे के अन्य कारण क्या रहे, इन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

165 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कर नवाचार के लिए लिया संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।

विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत माय भारत भीलवाड़ा की ओर से बुधवार को सहाड़ा ब्लॉक के दो विद्यालयों में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचायत समिति सहाड़ा के सूचना सहायक नितिन कुमार हरगण और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राहुल शर्मा ने



राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सहाड़ा में विद्यार्थियों को चैलेंज की जानकारी दी और रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर पर प्रथम रहने वाले विद्यार्थियों को उपखंड अधिकारी व उनकी टीम द्वारा प्रोत्साहित किया जाएगा तथा जिला स्तर पर भी चयन का अवसर मिलेगा।

दोनों विद्यालयों में 60 छात्र और 105 छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कर नवाचार विचार प्रस्तुत करने तथा विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।



QUICK BITES

नए श्रम कानूनों की पेचीदगियां बन रहीं सवाल, भ्रांतियां दूर करने इंटक ने उठाई आवाज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



नए श्रम कानूनों को लेकर श्रमिकों के बीच बनी असमंजस की स्थिति दूर करने और कानूनों के प्रावधानों की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराने की मांग उठी है। जिला इंटक अध्यक्ष दीपक व्यास के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उपश्रम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर श्रम कानूनों की पेचीदगियों को श्रमिक यूनियनों के सहयोग से दूर करने और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि नए श्रम कानूनों में व्याप्त पेचीदगियों और भ्रांतियों को श्रमिक यूनियनों के सहयोग से दूर किया जाए। साथ ही कानूनों के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए श्रमिकों को सरल भाषा में जानकारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की भी मांग की, ताकि श्रमिक वर्ग अपने अधिकारों और प्रावधानों को समझकर उनका लाभ उठा सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान महिला इंटक अध्यक्ष ममता शर्मा, मदन सिंह टांक तथा कृषि उपज मंडी सलाहकार समिति सदस्य जहीरूद्दीन मेवाफरोश मौजूद रहे।

प्रबल कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, आनंद सिंह व पलक नामदेव रहे ब्लॉक में प्रथम

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय प्रबल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में ब्लॉक के विभिन्न नोडल विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने आशुभाषण, नाट्य कला और समूह चर्चा जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में ब्लॉक के विभिन्न नोडल विद्यालयों के करीब 70 छात्र-छात्राओं और 25 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय होड़ा के आनंद सिंह तथा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मांडलगढ़ की छात्रा पलक नामदेव ने ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों विद्यार्थी अब जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में मांडलगढ़ ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्यक्रम में अतिथियों ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय विकास एवं प्रबंध समिति में विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य, पार्षद प्रतिनिधि नीलकमल पटवा, पार्षद, शिक्षाविद शंभूलाल स्वर्णकार, अतिरिक्त मुख्य शिक्षा अधिकारी सुभाष देसाई तथा ब्लॉक आरपी कैलाश चंद्र जाट ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य सत्यनारायण शर्मा ने प्रबल कार्यक्रम के उद्देश्य और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने अतिथियों का स्वागत भी किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश खटीक, उप प्रधानाचार्य शंकर लाल जाट, कैलाश चंद्र जाट, दिनेश सिंह शक्तावत, सरिता कालोत्त, रेखा कनौजिया, आशा कोली, नसीब खान, अनुतोष भट्ट, पुनाराम डूकिया सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन दिनेश सिंह शक्तावत ने किया।



मशाल की रोशनी में गूंजा विकसित भारत का संकल्प, भीलवाड़ा में निकली सेवा ज्योति यात्रा

अग्रवाल उत्सव भवन से शुरू हुई यात्रा गोल प्याऊ चौराहे पर पहुंची, योजनाओं की जानकारी के साथ दिया सेवा और सुशासन का संदेश





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मूलचंद पेसवानी । शहर की सड़कों पर बुधवार को देशभक्ति और विकसित भारत के संकल्प का संदेश दिखाई दिया। विकसित भारत संकल्प सभा के तहत आयोजित सेवा ज्योति यात्रा में मशाल के साथ जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी, महिलाएं और आमजन शामिल हुए। अग्रवाल उत्सव भवन से शुरू हुई यात्रा विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गोल प्याऊ चौराहे पहुंची, जहां मशाल स्थापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

यात्रा का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने मशाल ज्योति प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव उद्बोधन भी मौजूद जनप्रतिनिधियों और लोगों ने सुना। यात्रा के दौरान राष्ट्रगान, वंदे मातरम्, देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य

शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री बैरवा ने कहा कि आने वाले 25 वर्ष जनसेवा से राष्ट्रसेवा और सेवा से सुशासन की दिशा में आगे बढ़ने के वर्ष हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य लेकर काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसी दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

योजनाओं का प्रचार और जागरूकता बनी यात्रा की थीम

सेवा ज्योति यात्रा के जरिए आमजन को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी गई। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। यात्रा का मुख्य संदेश सेवा, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना रहा।

अग्रवाल उत्सव भवन से रवाना हुई यात्रा महात्मा गांधी चिकित्सालय रोड, सेवा सदन, सूचना केन्द्र और बालाजी मार्केट होते हुए गोल प्याऊ चौराहे पहुंची। यहां मशाल स्थापित की गई।

खिलाड़ियों का सम्मान, जनप्रतिनिधियों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों को उपमुख्यमंत्री एवं अतिथियों ने मंच पर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि विष्णु चेचाणी, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, नगर निगम महापौर जसवंत कंवर, उप महापौर राधेश्याम सोमाणी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में विद्यार्थी, महिलाएं और आमजन भी यात्रा में शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत से पहले प्रशांत मेवाड़ा ने उपमुख्यमंत्री का उपरना पहनाकर स्वागत किया। संचालन प्रहलाद त्रिपाठी ने किया।

यात्रा को सफल बनाने में कुलदीप शर्मा, विशाल गुरुजी, गोपाल तेली, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, सुरेंद्रसिंह मोटरास, मंजू चेचाणी, आरती कोगटा, ऋतुशेखर शर्मा और मुकेश सोनी सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

पंचायत आम चुनाव : 16 पंचायत समितियों में मतदान, जिला परिषद के 45 निर्वाचन क्षेत्रों में 34 पूर्ण और 11 आंशिक क्षेत्र शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पंचायत आम चुनाव 2026 को लेकर जिले में चुनावी तस्वीर साफ हो गई है। जिले की 16 पंचायत समितियों में चुनाव दो चरणों में कराए जाएंगे। जिला परिषद सदस्य के जिले में कुल 45 निर्वाचन क्षेत्र हैं, जिनमें 34 पूर्ण और 11 आंशिक निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। प्रथम चरण में 9 तथा द्वितीय चरण में 7 पंचायत समितियों में चुनाव होंगे।

पहले चरण में 9 पंचायत समितियों में मतदान

जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने बताया कि प्रथम चरण में बिजौलियां, जहाजपुर, खजूरी, कोटड़ी, मांडलगढ़, बनेड़ा, करेड़ा, मांडल और सुवाणा पंचायत समितियों में चुनाव होंगे।

इनमें बिजौलियां पंचायत समिति के जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र संख्या 44 और 45 पूर्ण हैं। जहाजपुर में 36, 37 और 38 पूर्ण तथा 35 आंशिक क्षेत्र शामिल है। खजूरी में 39 और 40 पूर्ण तथा 35 आंशिक क्षेत्र है।

इसी प्रकार कोटड़ी में 32, 33 और 34 पूर्ण तथा 31 और 35 आंशिक, मांडलगढ़ में 41, 42 और 43 पूर्ण तथा 31 आंशिक क्षेत्र शामिल हैं। बनेड़ा में 24, 25 और 26 पूर्ण क्षेत्र हैं। करेड़ा में क्षेत्र संख्या 1 पूर्ण तथा 2 और 3 आंशिक, मांडल में 10 और 12 पूर्ण तथा 2, 3 और 11 आंशिक और सुवाणा में 27, 28, 29 व 30 पूर्ण तथा 11 आंशिक क्षेत्र में चुनाव होगा।

पहले चरण में कुल 23 पूर्ण और 5 आंशिक जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं।

दूसरे चरण में 7 पंचायत समितियों में चुनाव

द्वितीय चरण में फुलियाकलां, रायपुर, सहाड़ा, शाहपुरा, आसींद, हुरड़ा और शम्भूगढ़ पंचायत समितियों में चुनाव होंगे। फुलियाकलां में जिला परिषद क्षेत्र संख्या 21 पूर्ण तथा 20 और 23 आंशिक हैं। रायपुर में 4 और 5 पूर्ण तथा 6 आंशिक क्षेत्र शामिल है। सहाड़ा में 7, 8 और 9 पूर्ण तथा 6 आंशिक क्षेत्र में चुनाव होगा।

शाहपुरा में 22 पूर्ण तथा 20 और 23 आंशिक, आसींद में 14 पूर्ण तथा 13 और 15 आंशिक क्षेत्र शामिल हैं। हुरड़ा में 18 और 19 पूर्ण तथा 17 आंशिक और शम्भूगढ़ में 16 पूर्ण तथा 13, 15 और 17 आंशिक क्षेत्र में चुनाव होगा।

द्वितीय चरण में कुल 11 पूर्ण और 6 आंशिक जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र शामिल किए गए हैं।

दो चरणों में तय होगा जिला परिषद का चुनावी गणित

इस तरह जिले की सभी 16 पंचायत समितियों में दो चरणों में चुनाव संपन्न होंगे। प्रथम चरण में 9 पंचायत समितियों के 23 पूर्ण और 5 आंशिक, जबकि द्वितीय चरण में 7 पंचायत समितियों के 11 पूर्ण और 6 आंशिक जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव होंगे।

पंचायतीराज चुनाव को लेकर भीम आर्मी की समीक्षा बैठक, संगठन को गांव-गांव मजबूत करने पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।

पारोली कस्बा स्थित गढ़गेहुली माता जी मंदिर प्रांगण में बुधवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी पंचायतीराज चुनावों को लेकर संगठन की तैयारियों, जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने तथा सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि भीम आर्मी भारत एकता मिशन राजस्थान के प्रदेश संयोजक चंद्रशेखर मौर्य रहे, जबकि अध्यक्षता नवनियुक्त भीम आर्मी जिलाध्यक्ष दुर्गालाल बैरवा ने की। जिला प्रभारी ओमप्रकाश रेगर ने संगठन की गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजना को लेकर कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी।

प्रदेश संयोजक चंद्रशेखर मौर्य के पारोली पहुंचने पर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत किया। पारोली चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने जय भीम के नारों के बीच साफा बंधवाकर उनका अभिनंदन किया। इसके बाद वे कार्यकर्ताओं के साथ गढ़गेहुली माता जी मंदिर परिसर पहुंचे, जहां समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में आगामी पंचायतीराज चुनावों को लेकर संगठन की भूमिका पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से गांव-गांव तक संगठन का विस्तार करने का आह्वान किया गया। प्रदेश संयोजक ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के साथ ही लोगों को संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और संगठन को सक्रिय बनाए रखने का आह्वान किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान जय भीम और संविधान के नारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। बैठक में नीरज मौर्य, अभय सिंह बैरवा, रमेशचंद्र मेघवंशी, ओमप्रकाश रैगर, सुरेश घुसर, रामलाल मेघवंशी, दिनेश रैगर, ओमप्रकाश खटीक, मेघराज पेंटर, मुकेश जी, मनोहर लाल बैरवा, मंजू रैगर, आशा रैगर, विजयपाल रैगर, लालूराम बैरवा, देवी लाल बैरवा, गोपाल बैरवा और फोकर बैरवा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



किताबों से बाहर निकले विद्यार्थी, तकनीकी शिक्षा और नई सीख से हुए रूबरू

पीएम श्री विद्यालय बाकरा के 119 विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण, आईटीआई और जवाहर नवोदय विद्यालय में देखी शैक्षिक व्यवस्थाए

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।



पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाकरा के विद्यार्थियों के लिए बुधवार का दिन कक्षा की चारदीवारी से बाहर सीखने का अवसर लेकर आया। विद्यालय के 119 विद्यार्थियों को दो बसों से शैक्षिक भ्रमण पर रवाना किया गया। प्रधानाचार्य सोजीराम मीणा ने हरी झंडी दिखाकर दोनों बसों को रवाना किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और आधुनिक शैक्षिक व्यवस्थाओं को करीब से समझा।

पीएम श्री योजना के तहत आयोजित इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम के तहत 70 विद्यार्थियों ने आईटीआई ऊंचा का भ्रमण किया। यहां विद्यार्थियों ने विभिन्न ट्रेड, औद्योगिक प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी ली।

वहीं 49 विद्यार्थियों ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सीतापुरा बूंदी का भ्रमण किया। यह भ्रमण पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालयों के बीच साझेदारी कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने नवोदय विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था, अनुशासन, संसाधनों और विभिन्न गतिविधियों को नजदीक से देखा।

संस्थानों को करीब से जाना, भविष्य की राह समझी

शैक्षिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अलग-अलग संस्थानों में पढ़ाई और प्रशिक्षण के तरीकों को समझा। आईटीआई में उन्हें तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से रोजगारपरक कौशल विकसित करने की जानकारी मिली, जबकि जवाहर नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों ने शैक्षिक वातावरण और संस्थागत गतिविधियों का अवलोकन किया।

गौ सम्मान अभियान को संतों का समर्थन, पुलक सागर जी महाराज से की गई सहभागिता की अपील

गौवंश को सुरक्षा, सम्मान एवं संवैधानिक दर्जा दिलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



देशभर में चल रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान को गति देने के लिए गौभक्तों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चातुर्मास के दौरान प्रवचन कर रहे पूज्य श्री पुलक सागर जी महाराज से मुलाकात कर अभियान में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया।

इस अवसर पर पुलक सागर जी महाराज ने कहा कि धर्म का मूल अहिंसा है और गौ माता पूजनीय हैं। उन्होंने गौ माता एवं गौवंश को आवश्यक सम्मान और सुरक्षा के साथ संवैधानिक दर्जा दिलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अभियान के तहत अधिक से अधिक प्रार्थना पत्रों पर हस्ताक्षर करने और अपनी क्षमता के अनुसार अभियान में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

प्रतिनिधिमंडल में एडवोकेट सत्यम शर्मा, प्रभात जैन, केदार जागेटिया, बिलेश्वर डाड, कमल कोठारी एवं उज्ज्वल जैन शामिल रहे।

13 अक्टूबर को कार्यकर्ताओं की बैठक

गौभक्त एडवोकेट सत्यम शर्मा ने बताया कि अभियान की आगामी कार्ययोजना और आवश्यक मार्गदर्शन के लिए 13 अक्टूबर को हरिशेवा वाटिका में गौभक्त कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित होगी। इसमें गौभक्त ग्वाल संत श्री गोपालानन्द सरस्वती जी महाराज के आशीर्वचन के साथ महामंडलेश्वरों एवं संत-महात्माओं का सानिध्य भी रहेगा।

अभियान के तहत देशी गौवंश की सुरक्षा, सम्मान, सेवा और संवैधानिक दर्जे की मांग को लेकर हस्ताक्षरित प्रार्थना पत्र दिसंबर में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को प्रस्तुत किए जाने की जानकारी दी गई।

राज्य स्तर पर चयनित 45 छात्र-खिलाड़ियों का सम्मान

मेडल पहनाकर और उपरना ओढ़ाकर किया अभिनंदन, विद्यालय व जिले का नाम रोशन करने की दी शुभकामनाएं

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न खेल विधाओं में राज्य स्तर पर चयनित विद्यालय के 45 प्रतिभावान छात्र-खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।

प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह गहलोत एवं विद्यालय स्टाफ ने चयनित खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर तथा उपरना ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से सरकारी विद्यालयों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं और विद्यालयों के विद्यार्थी खेल के क्षेत्र में राज्य स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। समारोह में चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी गई।

प्राध्यापक सत्येन्द्र माली ने बताया कि कार्यक्रम में अंकिता उपाध्याय, दिनेश कुमार उपाध्याय, प्राध्यापक भागचंद जैन, राकेश माली, शारीरिक शिक्षक ज्योति खटीक, श्रीमती स्वाति गर्ग, विक्रम चौधरी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ, खिलाड़ी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

मोबाइल एसोसिएशन ने किया नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान

अध्यक्ष प्रीति काकानी बोलीं- बिजली, पानी और सफाई व्यवस्था को देंगे प्राथमिकता

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।



मोबाइल एसोसिएशन गंगापुर की ओर से बालाजी बावड़ी मंदिर परिसर में नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति लखन काकानी, उपाध्यक्ष रश्मि चौहान एवं पार्षद राम प्रसाद माली का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जनप्रतिनिधियों का माला एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति लखन काकानी ने कहा कि गंगापुर के सर्वांगीण विकास के लिए पालिका बोर्ड पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विकास के पहले चरण में शहर की बिजली, पानी और सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके बाद आवश्यकता के अनुसार अन्य विकास कार्यों को भी गति प्रदान की जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से गंगापुर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने में पालिका का सहयोग करने का आह्वान किया।

उपाध्यक्ष रश्मि चौहान ने कहा कि शहर की समस्याओं के समाधान के लिए नागरिक सीधे जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर सकते हैं। समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

नवनिर्वाचित पार्षद एवं मोबाइल एसोसिएशन सदस्य राम प्रसाद माली ने सम्मान के लिए संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि शहर की जनसमस्याओं के समाधान के लिए पालिका बोर्ड और नागरिकों के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन संगठन के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बंसल ने किया। संगठन के वर्तमान अध्यक्ष महावीर अग्रवाल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षद का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। समारोह में मोबाइल एसोसिएशन के पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

QUICK BITES

पंचायत चुनाव : भीलवाड़ा में 16 पंचायत समितियों के लिए 1741 मतदान केंद्र तैयार

दो चरणों में होगा मतदान, 14.37 लाख मतदाता करेंगे मताधिकार का इस्तेमाल; पहले चरण में 9 और दूसरे में 7 पंचायत समितियां शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पंचायत आम चुनाव 2026 को लेकर भीलवाड़ा जिले में मतदान व्यवस्था का खाका तैयार कर लिया गया है। जिले की 16 पंचायत समितियों में जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच एवं उपसरपंच पदों के चुनाव के लिए कुल 1741 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। 25 फरवरी 2026 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुसार जिले में 14 लाख 37 हजार 322 मतदाता चुनाव में मतदान करेंगे। जिले में पंचायत चुनाव दो चरणों में संपन्न होंगे।

पहले चरण में 9 पंचायत समितियों में मतदान कराया जाएगा। इनमें बिजौलियां, जहाजपुर, खजूरी, कोटड़ी, मांडलगढ़, बनेड़ा, करेड़ा, मांडल और सुवाणा शामिल हैं। इन पंचायत समितियों में कुल 1110 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां 8 लाख 91 हजार 353 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें बिजौलियां में 78 केंद्रों पर 59,443 मतदाता, जहाजपुर में 107 केंद्रों पर 92,682, खजूरी में 87 केंद्रों पर 67,575, कोटड़ी में 164 केंद्रों पर 1,38,814, मांडलगढ़ में 120 केंद्रों पर 1,02,375, बनेड़ा में 108 केंद्रों पर 91,228, करेड़ा में 102 केंद्रों पर 94,544, मांडल में 127 केंद्रों पर 1,05,616 तथा सुवाणा में 217 केंद्रों पर 1,39,076 मतदाता शामिल हैं।

वहीं दूसरे चरण में 7 पंचायत समितियों में चुनाव होंगे। इनमें फुलियाकलां, रायपुर, सहाड़ा, शाहपुरा, आसीन्द, हुरड़ा और शम्भूगढ़ पंचायत समितियां शामिल हैं। इन क्षेत्रों में कुल 631 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं और यहां 5 लाख 45 हजार 969 मतदाता मतदान करेंगे। फुलियाकलां में 97 केंद्रों पर 73,672 मतदाता, रायपुर में 97 केंद्रों पर 84,410, सहाड़ा में 112 केंद्रों पर 96,424, शाहपुरा में 81 केंद्रों पर 67,760, आसीन्द में 82 केंद्रों पर 76,223, हुरड़ा में 87 केंद्रों पर 78,277 तथा शम्भूगढ़ में 75 केंद्रों पर 69,203 मतदाता मतदान करेंगे।

इस तरह पंचायत चुनाव के दोनों चरणों को मिलाकर जिले में 1741 मतदान केंद्रों पर 14 लाख 37 हजार 322 मतदाता जिला परिषद, पंचायत समिति और पंचायत स्तर के चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

काछोला में संदिग्ध गिरोह की सूचना, पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता

रात में अनजान व्यक्ति या वाहन दिखे तो तत्काल पुलिस को दें सूचना, खुद कार्रवाई से बचने की अपील

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।

क्षेत्र में रात्रि के समय चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले संदिग्ध गिरोह के सक्रिय होने की सूचना के बाद थाना पुलिस ने आमजन को सतर्क रहने की अपील की है। थाना अधिकारी उप निरीक्षक बालकृष्ण शर्मा ने जन-जागरूकता सूचना जारी कर ग्रामीणों और कस्बेवासियों से रात के समय अपने घर, प्रतिष्ठान और आसपास के क्षेत्र में विशेष निगरानी रखने को कहा है।

पुलिस ने कहा कि रात्रि के दौरान यदि कोई अनजान व्यक्ति, संदिग्ध वाहन या असामान्य गतिविधि नजर आए तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। संदिग्ध लोगों से स्वयं पूछताछ करने या किसी तरह की कार्रवाई करने के बजाय पुलिस को सूचना देने की अपील की गई है, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें।


थाना अधिकारी ने नागरिकों से घरों और दुकानों के दरवाजे, खिड़कियां एवं अन्य प्रवेश मार्ग सुरक्षित रखने तथा रात के समय आसपास की गतिविधियों पर नजर बनाए रखने को कहा। मोहल्ले और गांवों में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर आपसी सहयोग से पुलिस तक सूचना पहुंचाने पर जोर दिया गया।

पुलिस के अनुसार, आमजन की सजगता और पुलिस के साथ बेहतर समन्वय से चोरी जैसी घटनाओं की रोकथाम में मदद मिल सकती है। विशेष रूप से ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों में रात के समय लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है।

विधायक कोठारी की अनुशंषा पर भीलवाड़ा शहर में 4.04 करोड़ के विकास कार्यों की निविदाएं जारी

सड़क, पार्क, विद्युत एवं सामुदायिक भवन सहित विभिन्न विकास कार्य होंगे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी की अनुशंषा पर नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा शहर में विभिन्न विकास कार्य करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर विकास न्यास द्वारा इन कार्यों के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इन विकास कार्यों की कुल अनुमानित लागत करीब 4.04 करोड़ रुपये है। निविदा में शामिल प्रमुख कार्यों में स्कैनिंग लोकल सर्वर के लिए 5केवी का यू पी एस लगाने पर 2.58 लाख , तथा न्यास की योजना पंचवटी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट संबंधी कार्य पर 3.33लाख, बेटी गौरव पार्क का वार्षिक रख-रखाव एवं सुरक्षा पर 4.17 लाख , पंचवटी क्षेत्र में पार्क में पोल एवं एलईडी लाइट लगाने का कार्य पर 5.75 लाख , शिवाजी पार्क का वार्षिक रख-रखाव पर एवं सुरक्षा पर 7 लाख , किशनावतो की खेड़ी में सामुदायिक भवन हॉल, शौचालय और स्नानघर निर्माण पर 10लाख रुपए,नेहरू विहार योजना के सेक्टर-18 पार्क का विकास तथा अन्य जनसुविधा से जुड़े कार्य पर 49.37 लाख रुपये के कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही रेलवे अंडरपास चित्तौड़ रोड से कुंभा सर्किल, आजाद नगर स्कीम तक सड़क के नवीनीकरण पर 87.51लाख , सिद्धार्थ नगर से 60 फीट रोड को 200 फीट रिंग रोड तक कैनाल के समानांतर सुदृढ़ीकरण पर 99.64 लाख,तथा अजमेर रोड की ओर मास्टर प्लान के अनुसार बीटी सड़क निर्माण पर 1करोड़ 35 लाख जैसे महत्वपूर्ण सड़क विकास कार्य भी प्रस्तावित हैं। नगर विकास न्यास की ओर से जारी निविदा में इन 10 कार्यों की अनुमानित लागत 4 करोड़ 4 लाख है, जिनमें सड़क एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़े बड़े कार्य भी सम्मिलित हैं। कार्यों की अवधि 2 माह से 12 माह तक निर्धारित की गई है।

विधायक अशोक कुमार कोठारी ने कहा कि भीलवाड़ा शहर में सड़क, पार्क, विद्युत एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। उनका प्रयास है कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुसार विकास कार्य स्वीकृत कराकर उन्हें समयबद्ध रूप से पूरा करवाया जाए, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

इन विकास कार्यों से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क एवं सार्वजनिक सुविधाओं के साथ पार्कों के विकास और रखरखाव को भी गति मिलेगी।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।